# कोरोना की दवाइयों के किट ग्रामीण इलाकों में लोगों के घर तक उपलब्ध कराने से संक्रमण रोकने में मिल रही है मदद

## कोरोना बीमारी के संबंध में फैली भ्रान्तियों और भय को दूर कर लोगों के मनोबल बढ़ाने के कार्य में सहयोग करे मीडियाः भूपेश बघेल

> मुख्मंत्री ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में प्रेस और मीडिया की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण

> राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में हुई कई गुना वृद्धि

> छत्तीसगढ़ में 18 से 44 वर्ष के लोगों को फ्री में कोविड वैक्सीन लगाने की कार्य योजना तैयार

> मुख्मंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी के मीडिया प्रमुखों से की चर्चा



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्मंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजधानी के मीडिया प्रमुखों से चर्चा की और उनसे महत्वपूर्ण सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोरोना को हराने में किसी भी तरह से फंड्स की कमी नहीं होने दी जाएगी। राज्य में सबके सहयोग से कोरोना को जल्द से जल्द हराना है। इसमें समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ प्रेस और मीडिया के योगदान को भी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में प्रेस और मीडिया की भूमिका बहुत अहम है।

मुख्मंत्री बघेल ने चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में वर्तमान सरकार के आते ही स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव पहल की गई और मरीजों के बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में कई गुना की वृद्धि की गई है। वर्तमान में राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए हर आवश्यक संसाधन की व्यवस्था तत्परता से की जा रही है। यही वजह है कि राज्य में वर्तमान में आईसीयू बेड, एचडीयू बेड तथा ऑक्सीजन बेड पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2018 में 279 बेड थे, जिसे बढ़ाकर 729 कर दिया गया है। ऑक्सीजन बेड 1242 से बढ़ाकर 7042 तक पहुंचाया गया है। पहले एचडीयू बेड एक भी नही था, परंतु अभी 477 एचडीयू बेड है। प्रदेश के अस्पतालों में 15001 जनरल बेड थे, जिसे बढ़ाकर 29667 तक कर दिया गया है। प्रदेश में 2018 के अंत में 204 वेंटिलेटर्स थे, जिसे बढ़ाकर 593 कर दिया गया है। इस तरह राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में कई गुना की वृद्धि हुई है।

मुख्मंत्री बघेल ने कहा कि राज्य में वर्तमान में कोरोना संक्रमण से बचाव और इसके रोकथाम के लिए हर आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके तहत कोरोना की दवाईयों के किट ग्रामीण इलाकों में लोगों के घर-घर तक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे संक्रमण रोकने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 6 लाख 39 हजार 696 लोग संक्रमित हुए हैं, जिनमें से 5 लाख 9 हजार 622 लोग रिकवर कर चुके हैं। वर्तमान में एक लाख 22 हजार 963 लोग एक्टिव संक्रमित है। एक्टिव पेशेंट अनुपात 19.22 प्रतिशत के आसपास है, वहीं रिकवरी की दर 79.67 प्रतिशत है।

मुख्मंत्री बघेल ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ कोविड वैक्सीनेशन के मामले में देश के कई विकसित और साधन सेपन्न राज्यों को पीछे छोड़ चुका है। प्रदेश में 53 लाख से ज्यादा डोज वैक्सीन के लग चुके हैं और देश के बड़े राज्यों में हमारा स्थान दूसरा हैं। छत्तीसगढ़ में आगामी 1 मई से हम एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के 18 वर्ष से लेकर 44 वर्ष तक के लोगों को मुत में कोविड वैक्सीन लगाएंगे और इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसमें सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक दोनों को 25-25 लाख वैक्सीन डोज अर्थात कुल 50 लाख डोज के लिए आदेश भी कर दिया गया है।

मुख्मंत्री बघेल ने कहा कि हमने कोरोना की इस लड़ाई में फंड्स की कमी नही होने देने का संकल्प लिया है। राज्य में इन दो वर्षों में स्वास्थ्य बजट में 880 करोड़ रूपए, एसडीआरएफमें इस वर्ष 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। यहां जनता ने बढ-चढ़कर मुख्मंत्री सहायता कोष में सहायता की है, जो सरकार पर जनता के अटूट भरोसे का परिचायक है। इस कोष से हमने अभी तक 73 करोड़ 53 लाख रूपए कोविड के खिलाफ लड़ाई के लिए जिलों को जारी कर चुके हैं। इस तरह अब तक 1003 करोड़ 53 लाख रूपए स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगा चुके हैं। वहीं अब भी मुख्मंत्री सहायता कोष में 53 करोड़ 88 लाख रूपए जमा है। उनका उपयोग भी कोविड की लड़ाई में किया जाएगा।

मुख्मंत्री बघेल ने चर्चा करते हुए कहा कि प्रेस और मीडिया लोकतंत्र के फ्रंट लाईन वर्कर हैं। आज कोविड आपदा के बीच भी वे ईमानदारी से अपनी जिमेदारी निभा रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के संबंध में मृत्यु, अंतिम संस्कार, दवाओं, ऑक्सीजन आदि के बारे में कई भ्रामक खबरें काफी वायरल होती है, जिसका नकारात्मक प्रभाव जनता पर पड़ता है। ऐसे हालात में उन्होंने मीडिया से लोगों के भ्रम और भय को दूर करने तथा मरीजों के मनोबल बढ़ाने वाले खबर के लिए अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पत्रकारों की सूची स्थानीय जनसेपर्क कार्यालय में अपडेट करवा दें, ताकि यदि कोई पत्रकार कोविड पीड़ित हुआ तो उसे आर्थिक सहायता एवं मदद प्रदान की जा सके। इस अवसर पर सचिव जनसेपर्क डी.डी.सिंह तथा मुख्मंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्मंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी तथा रूचिर गर्ग उपस्थित थे।

## राज्य शासन 18 से 45 आयु वर्ग के टीकाकरण के दृढ़ संकल्पित

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के समस्त नागरिकों का टीकाकरण करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस हेतु प्रथम किश्त के रूप में राज्य शासन ने वैक्सीन के दोनों उत्पादकों (सीरम इंस्टीट्यूट एवं भारत बायोटेक) को 50 लाख डोज वैकसीन का आर्डर दिया है । वैक्सीन प्राप्त होते ही योजनाबद्ध तरीके से राज्य में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के हितग्राहियों का तत्परता से टीकाकरण किया जायेगा । इस हेतु राज्य के सभी ज़िलों के वैक्सीनेटर का प्रशिक्षण भी किया जा रहा है । शासकीय केन्द्र में होने वाला टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क होगा ।

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार प्रारंभ में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के नागरिकों के टीकाकरण हेतु पंजीकरण के लिये हितग्राहियों को केवल कोविन एप एवं आरोग्य सेतु एप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की ही सुविधा मिलेगी - सेशन साइट पर पहुँच कर वहीं ऑन साइट पंजीकरण कराए जाने का प्रावधान नही रहेगा ।

वर्तमान में राज्य को केंद्र से मिलने वाली वैक्सीन डोसेज में से कुछ वैक्सीन निजी संस्थानों की मांग अनुसार उन्हें भुगतान के आधार पर दी जा रही है । परन्तु केंद्र सरकार के निर्देशानुसार ये वैक्सीन डोसेज दिनांक 1 मई 2021 से निजी संस्थानों को नहीं दी जा सकेंगी । 1 मई 2021 से प्रारंभ होने वाले टीकाकरण के तीसरे चरण के लिए राज्य के निजी संस्थान भी वैक्सीन उत्पादकों से वैक्सीन स्वयं क्रय कर सकेंगे और सभी पात्र नागरिकों का टीकाकरण कर सकेंगे । किसी भी निजी संस्थान में कोविड वैक्सीनेशन सेंटर बनाने हेतु संस्था में कोल्ड चेन उपकरण तथा पर्याप्त संधारण क्षमता, प्रतीक्षालय, टीकाकरण एवं टीकाकरण पश्चात् निगरानी कक्ष हेतु पर्याप्त कक्ष/ स्थान की उपलब्धता, वैक्सीनेटर तथा वैरीफायर की पर्याप्त सेंया उपलब्ध होनी चाहिये । टीकाकरण पश्चात् ए.ई.एफआई. के प्रबंधन हेतु भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार अनिवार्य रूप से व्यवस्था होनी चाहिये । कोविन पोर्टल में कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का पंजीकरण जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा किया जायेगा । ऐसे निजी स्वास्थ्य संस्था जो पूर्व में कोविन में पंजीकृत है उन्हें पुनः पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है ।

इसी प्रकार 1 मई 2021 से औद्योगिक संस्थान भी स्वयं वैक्सीन उत्पादकों से क्रय कर अपने कर्मचारियो एवं उनके परिजनों का टीकाकरण सुनिश्चित कर सकेंगे । ऐसे औद्योगिक संस्था जहां अस्पताल है उनका पंजीकरण कोविन में औद्योगिक संस्था कोविड वैक्सीनेशन सेण्टर के रूप में किया जा सकता है । ऐसे औद्योगिक संस्था जहां उपयुक्त अस्पताल नहीं है उन्हें वर्तमान में कार्यरत निजी कोविड वैक्सीनेशन सेण्टर से मैपिंग कर कोविड-19 टीकाकरण किया जा सकता है ।

## आईईडी विस्फोट में शामिल 5 नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर (आरएनएस।** जिले के कोहकामेटा एवं कुदंला इलाके में सक्रिय 05 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली आईईडी विस्फोट और आगजनी जैसी घटनाओं में शामिल थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर से डीआरजी, जिला बल, छसबल, एसटीएफ, आईटीबीपी का बल नक्सल गश्त सचिंग पर ग्राम किहकाड़ एवं कुदंला की ओर रवाना हुआ था। इस दौरान दबिश देकर 04 नक्सलियों सोमा राम, मंगतू, फूल सिंह वड्डे, हल्लू बघेल को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा थाना कुरूसनार एवं कैंप बासिंग की पुलिस पार्टी ने ग्राम बांसिग से नक्सली आरोपी लच्छीन पोयाम को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 40 मीटर वायर, 05 इलेक्ट्रिक स्विच, 01 कुकर बम, सीरिंज 05 नग, 12 बैटरी सेल जब्त किया गया है।

एएसपी नीरज चन्द्राकर ने बताया कि पुलिस ने ग्राम कहकाड और सोनपुर में हुए आईईडी विष्फोट की घटना में शामिल 05 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इस आईईडी विष्फोट मे पुलिस के दो जवान शहीद हुए थे।

## महिला नक्सली गिरफ्तार, बालक को संप्रेक्षण गृह भेजा गया

**दंतेवाड़ा (आरएनएस।** जिले के थाना कटेकल्याण अंर्तगत पुलिस की संयुक्त पार्टी द्वारा एक महिला नक्सली को गिरफ्तार व विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह दंतेवाड़ा भेजा गया।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सल अभियान के तहत डीआरजी एवं थाना कटेकल्याण की संयुक्त पार्टी नक्सल गश्त , सचिंग हेतु ग्राम गादम की ओर रवाना हुए थे। ग्राम माड़ गादम के जंगल में एक संदिग्ध महिला ग्रामीण वेशभूषा में एवं 01 विधि संघर्षरत बालक पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर एक महिला संदेही एवं विधि संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। महिला संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम कुमारी कोसी माड़वी पिता बोड्डा उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी माड़ गादम थाना कटेकल्याण का होना बताया। जो प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सक्रिय गादम पंचायत केएएमएस सदस्या के रूप में कार्यरत है। जिसके विरूद्ध थाना कटेकल्याण में विविध प्रकरण दर्ज है। महिला नक्सली सदस्या को थाना कटेकल्याण लाकर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। विधि संघर्षरत बालक के विरूद्ध थाना कटेकल्याण में अपराध पंजीबद्ध कर संलिप्तता पाए जाने से उक्त बालक को बाल संप्रेक्षण गृह दंतेवाड़ा भेजा गया है।

## ट्रिपल मर्डर : बाप-बेटा और बेटी को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

> जमीन को लेकर दो पक्षों जमकर हुआ था विवाद

**मुंगेली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के पथरिया इलाका आज ट्रिपल मर्डर से थर्रा उठा है, जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद आज तड़के 3 लोगों की हत्या के बाद समाप्त हुआ। आरोपियों ने बाप-बेटा और उसकी बेटी को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। घटना पथरिया थाना क्षेत्र के जरेली गांव की है।




मुंगेली जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के जरेली गांव में आज सुबह लोचन उसके पुत्र गणेश और पुत्री सविता का गांव के तेजराम बंजारे,पुत्र मुकुंद सहित 5 लोग से विवाद हुआ। पुलिस कप्तान अरविंद कुजूर ने बताया कि पुरानी रंजिश व जमीन विवाद के चलते दोनो पक्षो में आज सुबह जमकर विवाद हुआ। जिसके बाद तेजराम बंजारे उसके पुत्र मुकुंद सहित अन्य लोगों ने लोचन उसके बेटे व बेटी पर लाठी डंडे से इस कदर जानलेवा हमला किया, कि मौके पर ही तीनो की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर एसपी अरविंद कुजूर, एसडीपीओ साधना सिंह समेत पुलिस अधिकारियों की टीम घटना स्थल पर पहुंची, मौके का मुआयना कर आरोपी तेजराम, पुत्र मुकुंद समेत 5 लोगो को पुलिस ने हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## बंद कमरे में युवक की लाश मिली, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** लॉकडाउन के दौरान खोज खबर मिलना मुश्किल है। कब किसके साथ कौन सी अनहोनी हो जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। अकेले परिवारजनों की अनुपस्थिति में राजेन्द्र नगर क्षेत्र में हुई युवक की मौत की जानकारी मिलने से आसपास के क्षेत्र में जनचर्चा हो रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक युवक का नाम अवधेश कुमार निगम है, जिसकी उम्र 35 वर्ष बताई जा रही है। अवधेश बीते कुछ दिनों से ॅलैट पर अकेले ही निवासरत था। पत्नी और बच्चे पारिवारिक कार्यों से बनारस गए हुए थे। मंगलवार सुबह जब पत्नी ने अवधेश को फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं होने के बाद पड़ोसियों को इसकी सूचना दी, जिस पर पड़ोसियों ने गार्ड के साथ मिलकर पहले अवधेश को आवाज़ लगाई।

किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं आने पर पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर ॅलैट के अंदर प्रवेश किया तो बेड पर अवधेश का शव पड़ा हुआ था। राजेंद नगर थाना प्रभारी विशाल कुजूर ने बताया कि प्रथम दृष्टि यह सामान्य मृत्यु दिख रही है। मृतक की पत्नी से जानकारी प्राप्त हुई कि कल रात जब अवधेश उससे बात कर रहा था तो अपनी तबियत ठीक नहीं होना बत

सुबह पुनः अवधेश की पत्नी द्वारा कॉल करने पर जब उसने फ़ोन नहीं उठाया तो इसकी सूचना उन्होंने पड़ोसियों को दी थी। थाना प्रभारी कुजूर ने बताया की अवधेश के परिवारजन रायपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। मेडिकल टीम जांच कर रही है। मृतक को कोविड भी हो सकता है, जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई हो। रिपोर्ट आने के पश्चात नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। कोरोना संक्रमण की अधिकारिक पुष्टि होने का इंतजार किया जा रहा है।

## एबुलेंस चालक के अपहरण की सूचना अफवाह निकली, मामला एबुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने का

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवारी बाज़ार में अपहरण की सूचना शहर में आग की तरह फैल गई। वैक्सीन ले जा रहे ऐबुलेंस चालक के अपहरण की खबर से पुलिस के भी होश उड़ गए। मामले की छानबीन शुरू की गई तो सच्चाई कुछ और ही निकली। इस मामले में गुढ़ियारी थाना प्रभारी रवि तिवारी ने बताया की अपहरण की अफ्वाह पूर्णतः झूठी व भ्रामक है। वैक्सीन लेकर जा रहे ऐबुलेंस के ड्राइवर से एक निजी न्यूज़ चैनल के आफ्सि का पार्किंग शेड टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था।

## मेरी सरकार, मेरी जिमेदारी अभियान के तह्त छत्तीसगढ़ खेल कांग्रेस करेगी कोविड 19 सक्रमण पीड़ितों की सहायता

> प्रदेश के सभी जिलों में 100 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं

**रायपुर (आरएनएस।** छत्तीसगढ़ शासन के मुेयमंत्री भूपेश बघेल जी के निर्देशन और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मुखिया मोहन मरकाम जी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (खेलकूद प्रकोष्ठ) द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में हेल्पडेस्क की शुरुआत की जा रही है, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों को नियुक्त कर कोविड संकट में नागरिकों को आवश्यक मदद दिलाने जिमेदारी प्रदान की गई है। खेल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया किसी को दवाईयां नही मिल रही तो किसी को ऑक्सीजन, प्लाज्मा और बेड की आवश्यकता है, काफी सेंया में पीड़ितों के परिजन भूखे प्यासे दर दर भटक रहे हैं, आम जनता और अधिकारियों के बीच में समन्वय की काफी कमी है, सरकार की योजना के विषय में भी लोगों को जानकारी नही है, कही कुछ शरारती तत्व पीड़ितों का शोषण कर कालाबाजारी कर रहे हैं, जागरूकता और जानकारी के अभाव से लोगों की परेशानियां बढ़ रही है, यदि पीड़ितों को सही मार्गदर्शन किया जाए तो काफी राहत दिलाई जा सकती है, इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, खेल कांग्रेस द्वारा स्वस्थ छत्तीसगढ़ मिशन के साथ मेरी सरकार, मेरी जिमेदारी अभियान की शुरुआत की गई है, जो सरकार के सहयोगी के रूप में प्रदेश के प्रत्येक जिलों में हेल्पडेस्क की गई है जो पीड़ितों को आवश्यक जानकारी और मदद मुहैय्या करायेगी, प्रवीण जैन ने आगे बतलाया कि सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जिला कांग्रेस कमेटियों का सहयोग लेकर पीड़ितों की मदद के लिए अपने जिले के आला अधिकारियों, डॉक्टरों, अस्पतालों, समाजसेवी संस्थाओं, मेडिकल एजेंसियों, सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों व संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों से सहयोग लेकर अधिक से अधिक जरूरतमंदों की हर संभव मदद करें, साथ ही नागरिकों में रोगप्रतिरोधक व शारीरिक क्षमता बढ़ाने योग, व्यायाम व कोविड संक्रमण रोकने के उपायों के लिए जागरूकता अभियान चलाए।

### राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के सभी सदस्य अपने परिवारजनों का कराएंगे सशुल्क टीकाकरण

> राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य कोविड-19 महामारी से निपटने कटिबद्ध

रायपुर, 27 अप्रैल (आरएनएस)। कोविड-19 महामारी के नियंत्रण हेतु राज्य शासन द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों का निशुल्क टीकाकरण करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान मे राज्य शासन के द्वारा महामारी के नियंत्रण हेतु अनेको प्रयास किये जा रहे है जिसमे धनराशि की आवश्यकता पड़ रही है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण सतत रूप से शासन के निर्देशानुसार महामारी से निपटने में लगे हुए है। इसी परिपेक्ष्य में राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि संघ के सभी सदस्य अपने परिवारजनों का सशुल्क टीकाकरण करवाएंगे। शासन के द्वारा चिन्हांकित टीकाकरण केंद्र में जो भी राशि देय होगा उसका भुगतान करते हुए अपने परिवार के सदस्यों का टीकाकरण करवाया जाएगा, जिससे शासन को राशि की वचत होगी और यह राशि महामारी के नियंत्रण में उपयोग हो सकेगी। राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष श्री आशुतोष पांडेय ने कहा है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य कोविड-19 महामारी से निपटने हर तरह से कटिबद्ध है।

### गैंगरेप मामले में उपनिरीक्षक को सेवा से किया गया बर्खास्त

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में पदस्थ उपनिरीक्षक किशोर तिवारी को आज सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उपनिरीक्षक किशोरी तिवारी पर अपने दोस्तों के साथ मिलकर नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने का आरोप था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन आरोपी सब इंस्पेक्टर फरार चल रहा है। अभी तक वह पुलिस की गिरेत में नहीं आया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी.के निर्देश पर डीआईजी विनोद खन्ना ने बर्खास्तगी की कार्रवाई की है। इससे पहले उप निरीक्षक किशोर तिवारी को शिकायत मिलने के बाद तत्काल निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में भानुप्रतापपुर थाने में धारा 376(डी) 506 भादवि., 3(2)(1) एसटी/एससी एक्ट 04, 06 पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### नक्सली मोबाइल टॉवर गिराने के असफल प्रयास के बाद लगाई आग

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में नक्सलियों के भारत बंद के दौरान बैनर पोस्टर के माध्यम से अन्दरूनी क्षेत्रों में व आसपास में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जमकर उत्पात मचाया है, वहीं दूसरी तरफ नक्सलियों ने बीती रात्रि में ग्राम पीढ़ापाल में मोबाइल टॉवर को गिराने में असफल होने के बाद टॉवर के मशीनरी को आग के हवाले कर दिया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीढ़ापाल में स्थित जियो व आइडिया के एक साथ लगाये गये टॉवर को बीती रात्रि में 10 से 15 वर्दीधारी नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया। नक्सलियों ने टॉवर में लगे नट बोल्ड को निकालकर टॉवर गिराने का प्रयास किया गया, इसमें सफल नही होने पर नक्सलियों ने टॉवर के मशीनरी पर आग लगा दी है। कांकेर एसपी एमआर अहिरे ने बताया कि आगजनी की जानकारी मिली है, सुरक्षाबलों की टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है।

### विधायक निधि पर शासन ने रोक लगाई, मुख्मंत्री सहायता कोष में राशि होगी जमा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन योजना आर्थिक एवं सांयिकी विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक एफ08-21/2009/23 पी. प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी द्वारा शासन के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2021/22 के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत क्रमशः मांग सेंया-41 में राशि रूपए 58.00 सेंया-60 में राशि रूपए 104.00 तथा मांग सेंया-64 में राशि रूपए 20.00 कुल राशि 182.00 करोड़ प्रावधानी राशि को प्रति विधानसभा 2.00 करोड़ रूपए वैक्सीनेशन के उपयोग हेतु मुेय शीर्ष 8443-सिविल जमा राशियां लघु शीर्ष (800)-अन्य जमा राशियां योजना क्रमांक (0001) प्रति विधानसभा आबंटित विधायक निधि की राशि शासन के निर्देश पर रोककर मुख्मंत्री सहायता कोष में जमा करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश प्रमुे सचिव द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत मुख्मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की सहमति से लिए गए निर्णय के आधार पर जारी किया गया है।

### ई-कामर्स कंपनियों के होम डिलीवरी पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी टोपेश्वर वर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक एक्ट 1897 यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजनांदगांव जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 5 मई 2021 सुबह 6 बजे तक कटेनमेंट जोन घोषित किया है। आदेश में ई-कामर्स कंपनियों अमेजान, लिपकार्ड इत्यादि को होम डिलीवरी की छूट दी गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए ऑनलाईन डिलीवरी अमेजान,फ्लिपकार्ड एवं अन्य द्वारा होम डिलीवरी को प्रतिबंध किया गया।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU